**I n d i a n I n s t i t u t e o f S c i e n c e**

Bangalore 560 012, (India)

Telefax : 080-23600757, Ph: 22932440/444

Email: registrar@iisc.ac.in recruitment.council@iisc.ac.in

# विज्ञापन संख्या आर (एचआर)308-2022 दिनांक:

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीनभारतीय विज्ञान संस्थान, बैंगलोर, विज्ञान और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में उच्च शिक्षा व अनुसंधान के लिए एक प्रमुख केंद्रीय स्वायत्त संस्थान है।राष्ट्र निर्माण में योगदान की अपनी परंपरा को क़ायम रखते हुए इसने अपने अस्तित्व की एक शताब्दी सफलतापूर्वक पूरी की है।इसने कई नए बुनियादी ढांचे (भवन और उपकरण), अंतर्विषयक कार्यक्रम और प्रतिभाशाली संकाय स्थापित किए हैं।इसने उन्नत शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में विश्व में अग्रणी बनने के मिशन की शुरुआत की है।संस्थान, भारत सरकार के मानक नियमों और शर्तों पर विदेश सेवा के आधार पर अनुबंध/प्रतिनियुक्ति पर भरे जाने वाले निम्नलिखित पद के लिए व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

| क्र. सं. | पद का नाम | इकाई | रिक्तियों की कुल संख्या | आयु सीमा (विज्ञापन की अंतिम तिथि के अनुसार) | वेतनमान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उप परियोजना अभियंता (सिविल) | परिसर प्रबंधन और विकास | 01(अनारक्षित) | 50 वर्ष | 7 वेंसीपीसी में लेवल-12 |

**निर्धारित न्यूनतम योग्यता/अनुभव:**

**शैक्षिक योग्यता:** सिविल इंजीनियरिंग में 55% अंकों के साथ एम.ई/एम.टेक।

**अनुभव:**एपीई या सरकारी/स्वायत्त निकायों/पीएसयू में या समकक्ष पद पर रु.5400/- के ग्रेडपे में 8 वर्ष का अनुभव।तथापि, एम.ई/एम.टेक और अनुकरणीय सेवा रिकॉर्ड के साथ संस्थान में कम से कम 8 वर्षों के लिए नियमित नियोजन या प्रतिनियुक्ति पर सहायक परियोजना अभियंता के रूप में सेवारत/सेवा किए हुए भी आवेदन कर सकते हैं [आयु सीमा लागू नहीं है]।अनुबंध पर नियुक्ति के मामले में,निजी क्षेत्र जैसे कॉर्पोरेट/निजी उद्योग या प्रतिष्ठित इंफ्रास्ट्रक्चरफर्म या बिल्डर्स/संस्थान में बुनियादी ढांचे के विकास/प्रबंधन हेतु वरिष्ठ स्तर के अभियंता के रूप में जिनके पास संबंधित क्षेत्र में कम से कम 8 वर्ष का अनुभव है,वेभी आवेदन कर सकते हैं।

**वांछनीय**:आधुनिक शैक्षणिक या कॉर्पोरेट या इसी तरह के बुनियादी ढांचे के विकास या संचालन या रखरखाव में अनुभव।सिविल निर्माण और विद्युत शक्ति प्रणालियों में आधुनिक प्रथाओं से परिचय।

केंद्र/राज्य सरकारों या राष्ट्रीय महत्व के संस्थानों या विश्वविद्यालयों/विश्वविद्यालय स्तर के संस्थानों या समान पद धारण करने वाले, और ऊपर बताए अनुसार शैक्षिक योग्यता और अनुभव रखने वाले पीएसयू के अधिकारियों से प्रतिनियुक्ति पर विचार किया जा सकता है।

**नियम और शर्तें:**

1. उप परियोजना अभियंता (सिविल) का पद विकलांग उम्मीदवारों के लिए उपयुक्त हैअर्थात् ऑर्थोपेडिक रूप से विकलांग/लोकोमोटर विकलांगता/एक पैर प्रभावित सेरेब्रलपाल्सी (दाएं या बाएं) (ओएल) और श्रवण बाधित।
2. उम्मीदवार भारत का नागरिक होना चाहिए। संस्थान पर यथा लागू भारत सरकार के लागू मानदंडों के अनुरूप आयु में छूट लागू है।
3. पद 5 वर्ष की अवधि के लिए प्रतिनियुक्ति/अनुबंध के आधार पर है।

4. उम्मीदवारों को केवल ऑनलाइन मोड के माध्यम से आवेदन करना चाहिए। किसी भी प्रकार से अपूर्ण आवेदन और भौतिक रूप से प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

5. निर्धारित शैक्षिक योग्यता और अनुभव, आवश्यक न्यूनतम योग्यताएं हैं और केवल यही तथ्य कि यह किसी उम्मीदवार के पास हैं वह साक्षात्कार हेतु बुलाए जाने के लिए हक़दार नहीं होगा। साक्षात्कार हेतुअनुमति दिए गए उम्मीदवारों की संख्या,योग्यता और/या अनुभव के आधार पर,उचित संख्या प्रतिबंधित करने के अधिकार संस्थान के पास सुरक्षित है।

6. डीपीई (सिविल) पद का चयन साक्षात्कार के माध्यम से होगा। तथापि, यदि आवश्यक समझा जाता है, तो संस्थान एक लिखित परीक्षा आयोजित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

7. सभी उम्मीदवारों को वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहिए और इसे ऑनलाइन अपलोड करना चाहिए। हालांकि, बिना एनओसी के आवेदन पर भी विचार किया जाएगा,बशर्ते कि उम्मीदवार विधिवत् हस्ताक्षर किया गया वचनअपलोड करें कि एनओसीसाक्षात्कार के समय प्रस्तुत कर दिया जाएगा।

8. आवेदन अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना, अग्रिम रूप से प्रस्तुत किए जाने चाहिए।

9. साक्षात्कार में भाग लेने के लिए कॉललेटर केवल चयनसूचीकेउम्मीदवारों को हीई-मेल द्वारा भेजे जाएंगे। उम्मीदवारों से अपेक्षित है कि वे अपने पंजीकृत ई-मेल आईडी को बार-बार जाँच करते रहें। उन आवेदकों के साथ कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा जिन्हें चयननहीं किया गया है/साक्षात्कार के लिए नहीं बुलाया गया है।

10. संस्थान बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदन को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। संस्थान बिना कोई कारण बताए किसी भी स्तर पर विज्ञापन/भर्ती को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इस संबंध में किसी भी प्रकार के पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

11. साक्षात्कार के लिए बुलाए गए बाहर से आने वाले उम्मीदवारों को सबसे छोटे मार्ग सेड्यूटी/निवास के स्थान से बेंगलुरूतक और वापस जाने के लिए मूल टिकट प्रस्तुत करने पर द्वितीय ए/सीमें रेल किराए का भुगतान किया जाएगा।

12. जो 1 जनवरी 2004 को या उसके बाद संस्थान की सेवा में शामिल हो रहे हैं वे नई पेंशन योजना के अंतर्गत शामिल हैं। हालांकि, वे कर्मचारी जो 31.12.2003 से पहले सेवा में आए हैं और जो सीसीएस (पेंशन) नियम, 1972 द्वारा शासित थे - भारत सरकार द्वारा इस उद्देश्य के लिए निर्धारित शर्तों को पूरा करने के अधीन जीपीएफ-सह-पेंशन-सह-ग्रेच्युटी योजना के लिए पात्र होंगे।

13. संस्थानसेवा के दौरान किसी भी समय उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत किए गए पूर्ववृत्त या दस्तावेज़ों को सत्यापित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। यदि यह पाया जाता है कि उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज़ वास्तविक नहीं हैं, तो उसकी सेवाएं समाप्त कर दी जाएंगी, और अनुशासनात्मक/आपराधिक कार्यवाही शुरू की जाएगी।

**इच्छुक व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे ऑनलाइन आवेदन भरें औरअपने दावे के समर्थन हेतु शैक्षिक योग्यता, आयु, समुदाय, विकलांगता, अनुभव, एनओसी और अन्य, यदि कोई है, के प्रमाण पत्र 07.03.2022 तक या उससे पहले अपलोड कर दें।**

**ऑनलाइन आवेदन करने के लिए लिंक: http://recruitment.iisc.ac.in/NonTeaching/**

14 फरवरी 2022 कुलसचिव